*डिजिटल जागरूकता पर कार्यक्रम सम्पन्न*

उज्जैन। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान संस्थान द्वारा डिजिटल जागरूकता विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की रूपरेखा विभाग के निदेशक डॉ कमल बुनकर द्वारा रखी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष प्रो. उमेश कुमार सिंह ने की।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. शेखर दिसावल ने डिजिटल युग में तकनीकी समझ, साइबर सुरक्षा, ई-गवर्नेंस एवं डिजिटल साक्षरता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों और प्रतिभागियों को डिजिटल साधनों का सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग करने हेतु प्रेरित किया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. उमेश कुमार सिंह ने कहा कि आज के समय में डिजिटल जागरूकता केवल सुविधा नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुकी है। डिजिटल माध्यमों के जिम्मेदाराना उपयोग से ही हम आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सार्थक कदम बढ़ा सकते हैं।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, विद्यार्थी एवं शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ लोकेश कुमार लद्दानी, सोशल एंड इंडस्टरी लिंकेज सेल के प्रभारी रहे, जिन्होंने अंत में धन्यवाद ज्ञापन संस्थान की ओर से प्रस्तुत किया गया।


Everything begins with an IDEA